दिन— बुधवार दिनांक— 26 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 07:30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा चुनाव में मिले प्रचंड बहुमत के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों को बधाई दी। कहा— एनडीए गठबंधन केवल चुनावी गठबंधन नहीं बल्कि स्वाभाविक गठबंधन है।

02. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डीएलएड संयुक्त परीक्षा दो हजार पच्चीस का परिणाम किया जारी। उनासी प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थी हुये सफल।

03. पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को सरकारी आवास खाली करने के आदेश पर राजनीतिक विवाद बढ़ा। राजद ने कहा— वरिष्ठ नेता का किया जा रहा है अपमान।

04. और, देशभर में आज संविधान दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नाम पत्र लिखकर नागरिकों से संविधानिक कर्तव्य के पालन करने का किया आह्वान।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली प्रचंड जीत के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों को बधाई दी है। मंत्रिमंडल की आज दिल्ली में हुई बैठक में श्री मोदी ने कहा कि इस बड़े जनादेश का श्रेय एनडीए के स्वाभाविक और प्राकृतिक गठबंधन को जाता है। उन्होंने कहा कि एनडीए का गठबंधन केवल चुनाव का गठबंधन नहीं है बल्कि यह गठबंधन मूल्यों और विचारों का गठबंधन है।

———————————————————————

राष्ट्र आज संविधान दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान की प्रस्तावना पढी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि संविधान राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला है और यह राष्ट्र को आगे बढ़ाने, औपनिवेशिक मानसिकता के स्थान पर राष्ट्रवादी दृष्टिकोण स्थापित करने का मार्गदर्शक ढाँचा है।

———बाईट———

सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय स्वतंत्रता, क्षमता और बंधुता, मुझे यह देखकर हर्ष होता है कि इन सभी आयामों पर संसद सदस्यों ने संवैधानिक बने निर्माताओं की परिकल्पनाओं को यथार्थ स्वरूप प्रदान किया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि संविधान, स्वतंत्रता संग्राम में शामिल लाखों देशवासियों के सामूहिक ज्ञान, बलिदान और

सपनों का प्रतीक है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संविधान के मार्गदर्शन में देश सुशासन और सामाजिक–आर्थिक विकास की परिवर्तनकारी यात्रा पर अग्रसर है।

–––बाईट–––

संविधान के मार्गदर्शन में पिछले सात दशक से अधिक के कालखंड में हमने नीतियों और कानून बनाए और सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्य प्राप्त किए। हमने अपने संविधान के मार्गदर्शन में सुशासन और सामाजिक, आर्थिक विकास की एक परिवर्तनकारी यात्रा तय की है। भारत विश्व का सबसे जीवंत और सफल लोकतंत्र माना जाता है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय मंत्रिडल के सदस्यगण और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस के अवसर पर देश के नाम पत्र लिखकर उन्नीस सौ उनचास में संविधान को ऐतिहासिक रूप से अंगीकार किए जाने का स्मरण किया है। राष्ट्र की प्रगति में संविधान की स्थायी भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि दो हजार पन्द्रह में सरकार ने इस पवित्र दस्तावेज़ के सम्मान में छब्बीस नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखने और अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र को मज़बूत करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा भारत एक विकसित और सशक्त राष्ट्र बनने के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है।

———————————————————————————

इधर, प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। पटना में नगर विकास और आवास विभाग कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न जिलों में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। अररिया जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला जज गुंजन पांडेय की अध्यक्षता में न्यायधीशों, अधिवक्ताओं और कर्मियों ने संविधान की शपथ ली। अन्य स्थानों पर भी संविधान की प्रस्तावना का वाचन और संविधान की शपथ ली।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा दो हजार पच्चीस का परिणाम आज जारी कर दिया। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने परिणाम जारी करते हुये बताया कि इस वर्ष उनासी दशमलव शून्य एक प्रतिशत अभ्यर्थी सफल हुये हैं।

–––बाईट–––

डीएलएड परीक्षा का आयोजन दो चरणों में छब्बीस अगस्त से सत्ताईस सितम्बर तक किया गया था।

—————————————————————————

पूर्व मुख्यमंत्री और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को पटना में दस सर्कुलर रोड वाला आवास खाली करने के आदेश को लेकर राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गयी है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा है कि यह वरिष्ठ नेता को अपमानित करने का प्रयास है।

———बाईट———

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य सरकार में उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि आवास आवंटन को लेकर राजद के नेता निरर्थक बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और महकमा बदलता रहता है और आवास अलग–अलग श्रेणियों में आवंटित किये जाते हैं।

———बाईट———

—————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में अपराध की छोटी से छोटी घटना पर भी कार्रवाई की जायेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री चौधरी ने कहा कि अपराधीक घटनाएं चिंता का विषय है और इसे जड़ से समाप्त करने के लिए कार्य योजना बनायी जा रही है।

———बाईट———

—————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपाध्यक्ष जितेन्द्र नाथ ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्री नाथ शेखपुरा जिले से आते हैं। पार्टी प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा को भेजे पत्र में उन्होंने कहा कि पार्टी के राजनीतिक और संगठनात्मक निर्णयों से वह सहमत नहीं है। गौरतलब है कि कल ही पार्टी अध्यक्ष ने शेखपुरा इकाई को भंग करने की घोषणा की थी।

—————————————————————————

दिल्ली की राउज एवेन्यू न्यायायल ने आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की स्थानांतरण याचिका की सुनवाई करते हुये सीबीआई को नोटिस जारी किया है। राबड़ी देवी ने इस मामले की सुनवाई कर रहे जज को बदलने का अनुरोध किया है। मामले की अगली सुनवाई छह दिसम्बर को होगी।

—————————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रहे इन दावों को खारिज किया है जिसमें कहा गया है कि श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में नई श्रम संहिता पूरी तरह से सक्षम नहीं है। इन दावों में कहा गया है कि नब्बे प्रतिशत श्रमिक असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत हैं और इन संहिताओं के दायरे से बाहर हैं। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि ये दावे फर्जी हैं और न्यूनतम वेतन सभी क्षेत्र के हर कर्मचारी पर लागू होंगे। इकाई ने कहा है कि संगठित और असंगठित क्षेत्रों के सभी कर्मी सामाजिक सुरक्षा ढांचे के अंतर्गत आते हैं। इसके अतिरिक्त सरकार ने लोगों से सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक सूत्रों पर भरोसा करने का आग्रह किया है।

——————————————————————————

राज्य में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास कार्यों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। श्री कुमार ने आज पटना में दानापुर–बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर और शेपपुर–दिघवारा गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

——————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के कारणों की सीटवार समीक्षा शुरू कर दी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज पटना स्थित पार्टी कार्यालय में मगध प्रमंडल के प्रत्याशियों के साथ बैठक कर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। पार्टी सूत्रों ने जानकारी दी है कि दो चरणों में होने वाली समीक्षा बैठक के दौरान हारी हुई एक सौ उन्नीस सीटों के उम्मीदवारों को बारी–बारी से बुलाया गया है। समीक्षा का पहला चरण आज से तीस नवम्बर तक और दूसरा चरण छह से नौ दिसम्बर तक चलेगा।

——————————————————————————

पश्चिमी हवा के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में न्यूनतम तापमान में औसतन दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की जा रही है। इसके कारण ठंड का एहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले कुछ दिनों तक तापमान में गिरावट की प्रवृति बनी रहेगी। वहीं, राज्य के कई भागों में सुबह और शाम के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहाश छाये रहने की सम्भावना है।

———बाईट———

——————————————————————————

नशे के खिलाफ जन जागरूकता के लिए आज नशामुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर प्रभात फेरी, रैली और जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। मुंगेर के जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने इस अवसर पर समाहरणालय परिसर से नशामुक्ति रथ को रवाना किया। यह रथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को नशा के विरूद्ध जागरूक करेगा। इधर, शेखपुरा जिले में शिक्षा विभाग और उत्पाद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर नशामुक्ति का संदेश दिया। वहीं, कैमूर में जिला प्रशासन और उत्पाद विभाग की ओर से जिला मुख्यालय भभुआ में जागरूकता रैली निकाली गयी।

---

राज्य सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुये सीमा सुरक्षा बल, बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज के पुत्र इमदाद रजा को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दी है। सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने उन्हें आज नियुक्ति पत्र दिया।

---

मुंगेर जिले के हमजापुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मुंगेर–लखीसराय राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या अस्सी पर एक अनियंत्रित कार एक दुकान में घुस गयी। इस हादसे में तीन बच्चों समेत सात लोग घायल हो गये।

---

नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में मैट्रिक और इंटर की वार्षिक परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गयी।

---

कटिहार जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इधर, मुंगेर जिले की स्थानीय अदालत ने पत्नी की हत्या के दोषी पति को दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

---

रोहतास पुलिस ने नासरीगंज थाना क्षेत्र के बरबीघा में छापेमारी कर सत्रह युवतियों को मुक्त करा लिया है। वहीं, युवतियों से अनैतिक कार्य कराने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा चुनाव में मिले प्रचंड बहुमत के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों को बधाई दी। कहा– एनडीए गठबंधन केवल चुनावी गठबंधन नहीं बल्कि स्वाभाविक गठबंधन है।

02. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डीएलएड संयुक्त परीक्षा दो हजार पच्चीस का परिणाम किया जारी। उनासी प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थी हुये सफल।

03. पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को सरकारी आवास खाली करने के आदेश पर राजनीतिक विवाद बढ़ा। राजद ने कहा– वरिष्ठ नेता का किया जा रहा है अपमान।

04. और, देशभर में आज संविधान दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नाम पत्र लिखकर नागरिकों से संविधानिक कर्तव्य के पालन करने का किया आह्वान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।